दैनिक ट्रिब्यून,
चंडीगढ़, शनिवार, 13 सितंबर, 1997

मूलचंद जैन नहीं रहे

करनाल, 12 सितंबर (निस)। स्वतंत्रता सेनानी एवं गांधीवादी नेता बाबू मूलचंद जैन का आज प्रातः यहां हृदयगति रुकने से देहांत हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनके परिवार में तीन बेटे और चार बेटियां हैं।

पूर्व सांसद श्री जैन हरियाणा के वित्तमंत्री एवं हरियाणा योजना आयोग के उपाध्यक्ष पद पर भी रहे। श्री जैन के देहांत का समाचार



मिलने के बाद स्थानीय जिला कचहरी में वकीलों ने आज अपने कार्य स्थगित रखे।

एजेंसियों के अनुसार प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने मूलचंद जैन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

मूलचंद जैन

पृष्ठ 1 कालम 1 का शेष

श्री गुजराल ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिये श्री जैन सदैव याद किये जायेंगे। श्री जैन ने हरियाणा के आधुनिक निर्माण में भी भूमिका निभायी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री बंसीलाल ने वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी व हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री मूलचंद जैन के निधन पर दुख प्रकट किया है।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्री जैन एक गांधीवादी और सुलझे हुये व्यक्ति थे। श्री जैन ने स्वतंत्रता संघर्ष में सक्रिय भागीदारी की थी। वह 1937 और 1941 के बीच अनेक बार जेल गये।

उन्होंने वित्त मंत्री एवं योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में राज्य की सेवा की। वर्ष 1957 से 1962 तक वे संयुक्त पंजाब से सांसद भी रहे।

सोनीपत (निस)। जिला स्वतंत्रता सेनानी संगठन ने अपनी एक आपात बैठक में श्री जैन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शांता जैन ने श्री जैन के प्रति अपनी श्रद्धांजलि में कहा कि बाबूजी सच्चे गांधीवादी एवं समाज-सुधारक थे।

हरियाणा के लोक संपर्क राज्य मंत्री अत्तर सिंह सैनी ने हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री मूलचंद जैन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मंत्री ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट की है।

हरियाणा के राज्यपाल महावीर प्रसाद ने भी श्री जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया

downlaoded from moolchandjain.org